भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई,
उद्योग निदेशालय, उत्तराखण्ड
देहरादून।

संख्या 20 /ई–निविदा सह ई–नीलामी/विज्ञापन/भू0खनि0ई0/2018–19, दिनांक 31 मई, 2018

विज्ञापन

ई–निविदा सह ई–नीलामी हेतु भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, उद्योग निदेशालय, उत्तराखण्ड देहरादून के विभागीय वेब पोर्टल www.dgm.uk.gov.in पर वैध पंजीकृत बिडर्स हेतु राज्य के रिक्त राजस्व/वन क्षेत्र में उपलब्ध उपखनिज (आर0बी0एम0) के खनन क्षेत्र हेतु औद्योगिक विकास अनुभाग–1, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या 1107/VII–1/2018/46ख/17टीसी, दिनांक 16 मई, 2018 के द्वारा जनपद अल्मोडा के 02, जनपद बागेश्वर के 04 लॉट विज्ञापित किये गये, शासनादेश संख्या 1219/VII–1/2018/46ख/17टीसी, दिनांक 18 मई, 2018 के द्वारा जनपद रूद्रप्रयाग के 04, जनपद टिहरी गढ़वाल 18, जनपद देहरादून के 02, जनपद उधमसिंहनगर 04 लॉट एवं शासनादेश संख्या 1218/VII–1/2018/46ख/17टीसी, दिनांक 22 मई, 2018 के द्वारा जनपद नैनीताल के 17 उपखनिज लॉटों को विज्ञापित किये जाने हेतु प्रदत्त स्वीकृति के क्रम में उत्तराखण्ड उपखनिज (परिहार) (संशोधन) नियमावली, 2017 के सुसंगत निमयों के अधीन ई–निविदा सह ई–नीलामी के माध्यम से परिहार पर स्वीकृत किये जाने हेतु पारदर्शिता पूर्ण आवंटन की कार्यवाही किये जाने के लिए भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई की वेबसाईट www.dgm.uk.gov.in के अन्तर्गत ई–निविदा सह ई–नीलामी में प्रतिभाग के इच्छुक पात्र बोलीदाताओं **1– 5.00 हैक्टे0 तक के उपखनिज क्षेत्र "जनपद के स्थायी निवासी या स्थायी निवासियों की समिति, जो कोऑपरेटिव सोसाइटी एक्ट में पंजीकृत हो, 2– 5.00 हैक्टे0 से 50 हैक्टे0 तक के उपखनिज क्षेत्र– राज्य के स्थायी निवासी/स्थायी निवासियों की समिति, जो कोऑपरेटिव सोसाइटी एक्ट, कम्पनी एक्ट अथवा पार्टनरशिप एक्ट एवं अन्य सुसंगत अधिनियमों के अन्तर्गत पंजीकृत हो तथा 3– 50.00 हैक्टे0 से अधिक क्षेत्रफल के उपखनिज लॉट – भारतीय नागरिकों/कम्पनियों/फर्मों/सोसाइटी आदि,"** हेतु ई–निविदा सह ई–नीलामी आमंत्रित किये जाने हेतु विज्ञापन निम्नानुसार प्रकाशित किया जाता हैं :–

तालिका–1

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | उपखनिज लॉट 5.00 है0 से कम (जनपद स्तर हेतु) | उपखनिज लॉट 5.00 है0 से 50.00 है0 तक (राज्य स्तर हेतु) | उपखनिज लॉट 50.00 है0 से अधिक (राष्ट्रीय स्तर हेतु) | कुल लॉटों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बागेश्वर | 03 | – | – | 03 |
| 2. | रूद्रप्रयाग | 04 | – | – | 04 |
| 3. | टिहरी गढ़वाल | 18 | – | – | 18 |
| 4. | देहरादून | – | 01 | 01 | 02 |
| 5. | उधमसिंहनगर | 02 | 02 | – | 04 |
| 6. | नैनीताल | 13 | 01 | 03 | 17 |
| | योग :– | 40 | 04 | 04 | 48 |

1. ई–निविदा सह ई–नीलामी में भाग लेने से पूर्व क्षेत्र में उपखनिज की मात्रा गुणवत्ता एवं खनन स्थल के लिए पहुंच मार्ग आदि के सम्बन्ध में मौके का परीक्षण कर बिडर स्वयं आश्वस्त हो लं। ई–निविदा सह ई–नीलामी में भाग लेने के पश्चात इस समबन्ध में किसी भी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।
2. उपखनिज लॉटों की विस्तृत जानकारी, विशेष शर्तें तथा सामान्य अनुदेश संबंधी विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाईट www.dgm.uk.gov.in तथा uktenders.gov.in पर लॉगइन कर प्राप्त की जा सकती है।

3. नये इच्छुक निविदाकारों के द्वारा विभागीय वेबसाईट www.dgm.uk.gov.in पर पंजीकरण हेतु आवेदन की अन्तिम तिथि दिनांक 15.06.2018 (शुक्रवार) सायं 5:00 बजे तक निर्धारित है। पूर्व में पंजीकृत वैध निविदाकारों को पुनः विभागीय वेब एप्लीकेशन पर पंजीकरण कराये जाने की आवश्यकता नहीं है। वैध पंजीकृत निविदाकार अपने 16 अंकों के पंजीकरण संख्या के द्वारा लॉट हेतु आवेदन शुल्क जमा कर प्रतिभाग कर सकते है।
4. ऑनलाईन ई–निविदा डालने तथा ई–नीलामी बोलने की विधि का पूण विवरण सेवा प्रदाता संस्था भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, उत्तराखण्ड के वेब पोर्टल www.dgm.uk.gov.in पर देखा जा सकता है।
5. विभागीय वेबसाईट www.dgm.uk.gov.in में इच्छुक वैध पंजीकृत व्यक्ति पृथक–पृथक खनन/चुगान क्षेत्र के लिए पृथक–पृथक आवेदक शुल्क पर्वतीय क्षेत्र हेतु रू0 50,000/– (रू0 पचास हजार मात्र) एवं मैदानी क्षेत्र हेतु रू0 1,00,000/– (रू0 एक लाख मात्र) विभागीय लेखाशीर्षक – 0853 अलौह खनन धातुकर्म एवं उद्योग–00, 102–खनिज रियासत शुल्क और स्वत्व शुल्क–01–00 में जमाकर, जी0एस0टी0 एवं आयकर आगणित कर समबन्धित विभागों के लेखाशीर्षक में जमा कराकर चालान/रसीद की स्कैन प्रति अपलोड की जायेगी जिसका सम्पूर्ण दायित्व आवेदक का होगा।
6. ई–निविदा सह ई–नीलामी की कार्यवाही दो चरणों में की जायेगी।
7. प्रथम चरण की कार्यवाही निम्मानुसार की जायेगी :–

| **प्रथम चरण (ई–निविदा)–**<br>**(दिनांक 02.06.2018 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 05.07.2018 तक अपराह्न 05:00 बजे तक)** | |
|---|---|
| विज्ञापन प्रकाशन | दिनांक 02.06.2018 (शनिवार ) |
| uktenders.gov.in पर निविदा अपलोड की तिथि | दिनांक 05.06.2018 (मंगलवार) सायं 5:00 बजे |
| विभागीय वैबसाइट www.dgm.uk.gov.in में पंजीकरण हेतु आवेदन करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 14.06.2018 (बृहस्पतिवार) सायं 5:00 बजे तक |
| uktenders.gov.in पर ई निविदा के लिये निविदा दिये जाने हेतु पंजीकरण की अवधि एवं समय– | दिनांक 22.06.2018 (शुक्रवार) तक सांय 03:00 बजे तक |
| प्री बिड बैठक की दिनांक एवं समय | दिनांक 08.06.2018 (शुक्रवार) मध्याह्न 12:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे – भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई के मुख्यालय देहरादून के सभागार में। |
| प्री बिड के उपरान्त कोई संशोधन अपेक्षित हो तो तत्सम्बन्धी सूचना अपलोड किये जाने की तिथि | दिनांक 11.06.2018 (सोमवार) को सांय 05:00 बजे तक |
| uktenders.gov.in पर ई–निविदा हेतु बिड सबमिशन की अवधि एवं समय | दिनांक 12.06.2018 (मंगलवार) प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 23.06.2018 (शनिवार) सांय 04:00 बजे तक। |
| ई–निविदा तकनीकी बोली खोलने की तिथि | दिनांक 25.06.2018 (सोमवार) पूर्वाह्न 11:00 बजे से |
| ई–निविदा के तकनीकी मूल्यांकन की अवधि | दिनांक 27.06.2018 ( बुधवार) अपराह्न 11:00 बजे से दिनांक 29.06.2018 (शुक्रवार) अपराह्न 03:00 बजे तक। |
| तकनीकी बोली मूल्यांकन समिति की आख्या | दिनांक 30.06.2018 (शनिवार ) सांय 04:00 बजे |
| तकनीकी निविदा में सफल निविदाकारों की घोषणा | दिनांक 30.06.2018 (शनिवार) सांय 05:00 बजे |
| वित्तीय बोली (सफल घोषित निविदाकारों द्वारा निविदित उपखनिज की मात्रा) खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 02.07.2018 (सोमवार) मध्याह्न 12:00 बजे से प्रारम्भ |
| वित्तीय बोली मूल्यांकन समिति की आख्या | दिनांक 05.07.2018 (बृहस्पतिवार) अपराह्न 02:00 बजे तक। |
| ई–निविदा के परिणाम की घोषणा | दिनांक 05.07.2018 (बृहस्पतिवार) सांय 04:00 बजे। |
| प्रथम चरण की समाप्ति | दिनांक 05.07.2018 (बृहस्पतिवार) को |

निदेशक